**NEWS CLIPPING:24.12.2021**

# THE IMPRESSIVE TIMES

## CELEBRATED AT JC BOSE UNIVERSITY



**FARIDABAD(TIT NEWS):** To commemorate the 134th Birth Anniversary of Srinivasa Ramanujan as National Mathematics Day, the Department of Mathematics of J.C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad organised various activities including national level competition for Poster Making, Debate Competition, PPT Presentation, Rangoli Making and expert talk. The event was sponsored by Haryana State Council for Science, Innovation and Technology. The student participants from different University Departments and various educational institutions participated in the competitions. The activities were conducted under the overall supervision of Dr. Neetu Gupta, Chairperson of Mathematics Department. The student's activities were witnessed by Registrar Dr. S.K. Garg, Dean of Sciences Prof. Ashutosh Dixit, chairpersons from other Departments and senior officials. Registrar Dr. S.K. Garg applauded the creative work by students and appreciated the efforts by the Department for organizing the event. The expert talk was delivered by eminent mathematicians Prof. H.C. Taneja and Prof. Pankaj Gupta. Prof. H.C. Taneja discussed various results of one of the greatest Mathematician Srinivasa Ramanujan and invention of the concept of zero by Aryabhatta. In his lecture, he also discussed various applications of mathematics in day to day life including car designing, data analysis and management consultancy. In the second talk, Prof. Pankaj Gupta spoke on the concept of Linear Programming. He illustrated the use of various techniques such as the simplex method to solve the linear programming problems. Examples of minimization and maximization problems were taken to elaborate the application of the method. He demonstrated various applications of linear programming. Apart from JC Bose University, the students from Delhi University, Maharshi Dayanand University and Jamia Millia Islamia, Govt. College Matanhail (Jhajjar), Saraswati Mahila Mahavidyalya and other institutions participated in these competitions.

**NEWS CLIPPING:24.12.2021**

# PIONEER

# श्रीनिवास रामानुजन की 134वीं जयंती मनाई

## जेसी बोस विश्व विद्यालय में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जेसी** बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विवि, वाईएमसीए, फरीदाबाद के गणित विभाग द्वारा श्रीनिवास रामानुजन की 134वीं जयंती को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया गया। इस उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग, वाद-विवाद प्रतियोगिता, पीपीटी प्रस्तुति, रंगोली प्रतियोगिता सहित विभिन्न गतिविधियों और विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा प्रायोजित किया गया था।

प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय विभागों और विभिन्न शिक्षण संस्थानों से प्रतिभागियों ने भाग लिया। गतिविधियों का संचालन गणित विभाग की अध्यक्ष डॉ. नीतू गुप्ता की देखरेख में किया गया। विद्यार्थियों की रचनात्मक गतिविधियों को कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, डीन प्रो. आशुतोष दीक्षित, विभिन्न शिक्षण विभागों के अध्यक्षों और वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सराहा गया।



रंगोली प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के कार्य का अवलोकन करते हुए कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग।

विशेषज्ञ व्याख्यान में गणितज्ञ प्रो. एचसी तनेजा और प्रो. पंकज गुप्ता ने विद्यार्थियों को गणित एवं संबंधित अनुप्रयोगों से जुड़ी अहम जानकारी दी। प्रो. एचसी तनेजा ने महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के विभिन्न परिणामों और आर्यभट्ट द्वारा शून्य की अवधारणा के आविष्कार पर चर्चा की। अपने व्याख्यान में उन्होंने कार डिजाइनिंग, डेटा विश्लेषण और प्रबंधन परामर्श सहित दैनिक जीवन में गणित के विभिन्न अनुप्रयोगों पर भी चर्चा की। दूसरे व्याख्यान में प्रो. पंकज गुप्ता ने लीनियर प्रोग्रामिंग की अवधारणा पर प्रकाश डाला।

प्रतियोगिताओं में जेसी बोस विवि के अलावा दिल्ली विश्व विद्यालय, महर्षि दयानंद विश्व विद्यालय और जामिया मिलिया इस्लामिया, गवर्नमेंट कॉलेज मतनहेल (झज्जर), सरस्वती महिला महाविद्यालय सहित अन्य संस्थानों से विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज की योगिता यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जेसी बोस विवि की दिव्या बब्बर और सिमरन ने दूसरा, विवि के शिवम शर्मा एवं महर्षि दयानंद विवि की प्राची ने तीसरा स्थान हासिल किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में जेसी बोस विवि के हार्दिक मेहता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

**NEWS CLIPPING:24.12.2021**

# HINDUSTAN

# ‘नवाचार के लिए प्रोत्साहित करेंगे’

गुरुग्राम | कार्यालय संवाददाता

प्रधानमंत्री द्वारा होमी जहांगीर भाभा पुरस्कार से सम्मानित प्रो. दिनेश कुमार ने गुरुवार को गुरुग्राम विश्वविद्यालय (जीयू) के कुलपति के रूप में कार्यभार संभाल लिया। प्रो. दिनेश कुमार विश्वविद्यालय के दूसरे कुलपति हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जिन आकांक्षाओं एवं विश्वास के साथ विश्वविद्यालय का कार्यभार उन्हें सौंपा गया है, वह उन्हें पूरा करने और विश्वविद्यालय को प्रत्येक क्षेत्र में बुलंदी पर ले जाने का हरसंभव प्रयास करेंगे।

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का कार्यान्वयन, विश्वविद्यालय को नैक मान्यता के लिए तैयार करना और चल रहे शैक्षणिक और बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाओं को गति देना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि गुरुग्राम विश्वविद्यालय अपेक्षाकृत एक नया विश्वविद्यालय है और साइबर सिटी गुरुग्राम में स्थित होने का इसे विशेष लाभ है। विश्वविद्यालय में स्थानीय उद्योगों और कॉर्पोरेट क्षेत्र की कार्यबल आवश्यकता को पूरा करने की पूरी क्षमता है। विश्वविद्यालय का फोकस उभरती प्रौद्योगिकी पर आधारित नए पाठ्यक्रम शुरू करने और युवाओं को नवाचार और स्टार्टअप के लिए प्रोत्साहित करने पर होगा। उन्होंने संस्थापक कुलपति के रूप में डॉ मार्कंडेय आहूजा के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि डॉ. आहूजा की अधूरी परियोजनाओं को आगे बढ़ना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

## प्रो. दिनेश कुमार कई अहम पदों पर रह चुके



प्रो :दिनेश कुमार।

प्रो. दिनेश कुमार वर्ष 2015 से 2021 तक जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति रहे हैं। शिक्षाविद के रूप में प्रो. दिनेश कुमार का करियर 30 वर्षों से अधिक का रहा है। उन्होंने कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से मास्टर और पीएचडी की डिग्री प्राप्त की। वे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी के निदेशक रहे हैं।

**NEWS CLIPPING:24.12.2021**

# HINDUSTAN

# पोस्टर मेकिंग में डीयू की योगिता विजेता रहीं

## आयोजन

**फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता**

जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के गणित विभाग की ओर से श्रीनिवास रामानुजन की 134वीं जयंती मनाई गई। इस दौरान पोस्टर मेकिंग, वाद-विवाद प्रतियोगिता, पीपीटी प्रस्तुति, रंगोली प्रतियोगिता आदि आयोजित की गई। इसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज से योगिता यादव विजेता रहीं। वाईएमसीए से दिव्या बब्बर और सिमरन को दूसरा और एमडीयू रोहतक से प्राची को तीसरा स्थान मिला।

इस दौरान संस्थान में विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। गतिविधियों का संचालन गणित विभाग की अध्यक्ष डॉ. नीतू गुप्ता की देखरेख में किया गया। विशेषज्ञ व्याख्यान में गणितज्ञ प्रो. एचसी तनेजा और प्रो. पंकज गुप्ता ने छात्रों को गणित एवं संबंधित अनुप्रयोगों से जुड़ी अहम जानकारी दी। वहीं गतिविधियों को कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, डीन प्रो. आशुतोष दीक्षित और विभिन्न शिक्षण विभागों के अध्यक्षों ने सराहा।

वाद-विवाद प्रतियोगिता में वाईएमसीए से हार्दिक मेहता को पहला व खुशी गुप्ता और मानसी को दूसरा स्थान मिला जबकि दिल्ली विश्वविद्यालय से मोहित तंवर ने तीसरा स्थान पाया। पीपीटी प्रतियोगिता में स्वाति सिंह व सुश्री सृष्टि भारद्वाज विजेता रहे। कुमकुम और दिव्या ने दूसरा स्थान पाया। लोकेश कौशिक ने तीसरा स्थान हासिल किया। रंगोली प्रतियोगिता में वाईएमसीए से आंचल और उर्वशी ने पहला स्थान हासिल किया।

## उपलब्धि

- जेसी बोस विश्वविद्यालय ने रामानुजन की जयंती मनाई
- वाद-विवाद में वाईएमसीए से हार्दिक को पहला स्थान मिला

## नंदना ने रोलर स्केटिंग में स्वर्ण जीता

**फरीदाबाद।** सेक्टर-81 स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में दसवीं कक्षा की छात्रा नंदना सोनी ने राष्ट्रीय रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश का नाम चमकाया है।

रोलर स्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (आरएसएफआई) की ओर से मोहाली में 59वीं रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप 2021-2022 का आयोजन हुआ था। 11 से 22 दिसंबर तक आयोजित हुई इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप में छात्रा ने प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए बेहतरीन प्रतिभा दिखाई और स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। छात्रा की इस उपलबधि के लिए स्कूल में सम्मानित किया गया। इस दौरान स्कूल के प्रो. वीसी रोहित जैन, प्रिंसिपल सुरजीत खन्ना, रितु जैन, ममता गुप्ता, संजना महाजन ने छात्रा और कोच का स्वागत किया और बधाई दी। स्केटिंग कोच रमाकांत गुप्ता और जॉन डेविड ने छात्रा को शुभकामनाएं दी।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:24.12.2021**

# AMAR UJALA

## गुरुग्राम विवि के नए कुलपति बने दिनेश अग्रवाल

**गुरुग्राम।** तीन साल पहले स्थापित गुरुग्राम विश्वविद्यालय के दूसरे कुलपति के रूप में प्रोफेसर दिनेश कुमार अग्रवाल ने बृहस्पतिवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। वहीं पहले कुलपति मार्कंडेय आहूजा ने चार्ज छोड़ते समय तीन साल की उपलब्धियां गिनाईं।



दिनेश अग्रवाल

निवर्तमान कुलपति मार्कंडेय आहूजा ने इस मौके पर कहा कि उन्होंने तीन साल पहले इस विवि को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के एक कमरे से संचालित किया था। आज इस विवि की अपनी बिल्डिंग है। नया एडमिस्ट्रेटिव और एकेडमिक ब्लॉक बनकर तैयार हो चुका है। कला संकाय से लेकर, वाणिज्य और विज्ञान संकाय में स्नातक और स्नातकोत्तर कोर्स संचालित हैं। इनके अलावा इंजीनियरिंग, लॉ तथा अन्य दो दर्जन से अधिक प्रोफेशन कोर्स चल रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर नवागत कुलपति की प्राथमिकता नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का क्रियान्वयन तथा शैक्षणिक एवं बुनियादी विकास को गति देना है। संवाद